Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# केदार यात्रा में घोड़े-खच्चर संचालकों ने मचाई लूट

## निर्धारित किराये से अधिक वसूला जा रहा किराया

**दिक्कत**

- गौरीकुंड से केदारनाथ आने-जाने का 2700 व एकतरफा का किराया पन्द्रह है निर्धारित
- घोड़े-खच्चर संचालक ने लिये यात्री से ग्यारह हजार रूपये
- पुलिस ने ओवररेटिंग पर घोड़ा संचालक के खिलाफ 420 का मुकदमा किया दर्ज

**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रप्रयाग। केदारयात्रा में हजारों की संख्या में देश-विदेश से हर दिन तीर्थयात्री पहुंच रहे है। तीर्थयात्री यात्रा पड़ाव सोनप्रयाग और गौरीकुंड में बेहद ही परेशान हो रहे हैं। उन्हें समय से घोड़ा-खच्चर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिस कारण उनसे मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।



केदारनाथ यात्रा पर आये यात्री पंवार राजेंद्र केरू पुत्र केरू लक्ष्मण पंवार निवासी चिन्नर जिला नासिक (महाराष्ट्र) गौरीकुंड में घोड़े-खच्चर को लेकर परेशान घूम रहा था। जब उसे घोड़ा-खच्चर संचालक नहीं मिला तो उसने चौकी इंचार्ज गौरीकुंड रजबर सिंह राणा के पास जाकर बताया कि एक घोड़ा-खच्चर संचालक ने उनसे घोड़ा बुकिंग के ग्यारह हजार रूपये ले लिए हैं और पैंसा लेने के बाद वह गायब हो गया है। पैंसे लेने की कोई रसीद यात्री को नहीं दी गई है। इस पर चौकी इंचार्ज ने यात्री को घोड़े खच्चरों का सही रेट बताया। यात्री ने चौकी इंचार्ज को शिकायत पत्र दिया, जिसके आधार पर घोड़ा-खच्चर संचालक के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी का मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचक एसआई विजेंद्र सिंह कुमाई ने अभियुक्त की ढूंढखोज की तो वह घोड़ा पड़ाव पर मिला और कार्यवाही शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि यात्रा शुरू होने के बाद से ओवररेटिंग की शिकायत आ रही है। इसके लिए पुलिस की टीम बनाई गई है। यात्री बनकर पुलिस की टीम जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। जब यात्री पुलिस प्रशासन को लिखित जानकारी देंगे, तभी कार्यवाही की जा सकती है। देश-विदेश से आ रहे तीर्थयात्रियों को ऐसे घोड़े-खच्चर संचालकों के खिलाफ लिखित में शिकायत देनी चाहिए, जिससे पुलिस की ओर से त्वरित कार्यवाही की जा सके।

उन्होंने बताया कि एक यात्री ने घोड़ा-खच्चर संचालक हिमांशु कुमार पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम शहादतपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश के खिलाफ शिकायत पत्र दिया और पुलिस की ओर से लिखित में शिकायत मिलने पर घोड़ा खच्चर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गौरीकुंड से आने-जाने का 2700 और एकतरफा का पन्द्रह सौ रूपये किराया निर्धारित किया गया है।

## न्यूज डायरी

### स्ट्रांग रूम मतगणना प्रेक्षक की उपस्थिति में सुबह 7 बजे खोला जायेगा

**संवाददाता** देहरादून/अल्मोड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि 23 मई को होने वाले मतगणना के दिन जगत सिंह बिष्ट राजकीय होटल मैंनेजमेंट एवं कैटरिंग संस्थान अल्मोड़ा में बनाये गये स्ट्रांग रूम को मतगणना हेतु प्रेक्षक की उपस्थित में प्रातः 07:00 बजे खोला जायेगा, जिसमें प्रत्याशी या उनके द्वारा अधिकृत मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि मतगणना समाप्ति के पश्चात ईवीएम एवं वीवीपैट अन्य महत्वपूर्ण प्रपत्रों को सील कर बनाये गये विधानसभावार डबल लॉक में लाया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है।

### मतगणना को लेकर बैठक 21 मई को

**संवाददाता** देहरादून/अल्मोड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि 23 मई को होने वाले मतगणना के सम्बन्ध में 21 मई को प्रातः 11 बजे से एक बैठक समस्त प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में आहुत की गयी है। उन्होंने संसदीय क्षेत्र अल्मोड़ा के प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस बैठक में प्रतिभाग करने को कहा है।

### खाई में गिरे साधु को पुलिस के जवानों ने निकाला

**संवाददाता** देहरादून/रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग-बद्रीनाथ हाईवे पर रुद्रप्रयाग मुख्यालय से तीन किमी आगे तिलनी के पास खाई में गिरे एक साधु को पुलिस के जवानों ने रेस्क्यू कर सड़क मार्ग पर पहुंचाया। जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार देने के बाद साधु को बेस चिकित्सालय श्रीनगर के लिए रेफर किया गया। सोमवार को पुलिस कण्ट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक साधु बाबा रुद्रप्रयाग से तीन किमी आगे लमेरी तिलणी के पास सडक लगभग डेढ़ सौ मीटर नीचे खाई में गिर गया है। पुलिस कर्मी रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा साधु को खाई से निकालने का रेस्क्यू शुरू किया गया।

### अधिकारियों के नकारेपन से शिक्षक संघ आहत

देहरादून/रुद्रप्रयाग। प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय नेतृत्व ने निर्णय लिया कि जिन अधिकारियों की गलती के कारण राज्य के सोलह हजार विशिष्ट बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षको की सेवा का संकट बना है, उनके विरूद्व प्राथमिकी दर्ज करने मे भी संघ पीछे नहीं रहेगा।

## खैर के जंगल को नष्ट करने की साजिश

**आरोप**

**जमीन को खाली कराने की नीयत से पेड़ों को जलाया जा रहा है**

छरबा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान रुमीराम का आरोप है कि ग्राम पंचायत की जमीन पर लगाए गए प्लांटेशन को समाप्त करने के लिए इस प्रकार की घटना को साजिशन अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके इशारे पर जमीन को खाली कराने की नीयत से पेड़ों को जलाया जा रहा है।

**संवाददाता**

देहरादून/विकासनगर। ग्राम छरबा स्थित ग्राम पंचायत की भूमि पर लगाए गए खैर के जंगल को नष्ट करने की साजिश हो रही है। कभी अवैध पातन से तो कभी आग लगाकर खैर का जंगल नष्ट किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध पातन की शिकायत पर भी पुलिस व प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की जमीन को खुर्द-बुर्द करने की पिछले काफी समय से योजना बना रहा है। जिसमें खैर का प्लांटेशन आड़े आ रहा है।

ग्रामीण प्लांटेशन में लगने वाली आग को आपसी सहयोग से बुझा रहे हैं। पिछले कई दिनों से छरबा गांव स्थित शीतला नदी के किनारे पर लगाए गए खैर के पेड़ एक-एक कर जल रहे हैं। लगातार हो रही प्लांटेशन में आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण यहां पहुंचकर आग को बुझाने में जुटे हैं। ग्राम छरबा के ग्रामीण पुत्तर बहादुर, शेर सिंह, विजय कुमार, रविंद्र सिंह आदि का कहना है सिडकुल ऑफिस के पास इस प्रकार की घटनाएं लगातार घट रही हैं। उनका यह भी कहना है कि पूरा प्लांटेशन का एरिया उनके पशुओं के चराने के काम भी आता है। आग लगने की घटना से उनके पशुओं के लिए भी चारे की समस्या खड़ी हो रही है।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का पुतला दहन किया

**(ईएमएस)**
देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहने पर साध्वी प्रज्ञा ठाकुर व भाजपा का अनर्गल बयानबाजी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया।

एनएसयूआई के कार्यकर्ता डीएवी पीजी कालेज में इकटठा हुए और वहां से लोकसभा प्रत्याशी प्रज्ञा ठाकुर व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कालेज के गेट में पास पहुंचे और वहां पर प्रज्ञा ठाकुर व भाजपा का पुतला दहन करते हुए अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताने का बयान दिया है और भाजपा द्वज्ञरा आज तक इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है जो चिन्ता का विषय है।

वक्ताओं ने कहा है कि जिस प्रकार से भाजपा की लोकसभाप्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा ठाकुर द्वारा इस प्रकार का बयान दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के कुछ पदाधिकारी भी उसकी बात को सही बता रहे थे और वह भाजपा की मानसिकता को बताता है। इस अवसर पर पुतला दहन करन वालों म अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## नाक में रूमाल लगाकर कर रहे श्रद्धालू यात्रा

**संवाददाता**

देहरादून। केदार यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव गौरीकुण्ड में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। आलम यह है कि यात्रा के बारह दिनों में ही व्यवस्थाओं की हव्वा निकल गई है। पानी, बिजली, शौचालय, गैस की समस्या से तीर्थयात्री जूझ रहे हैं। यहां तक की यात्रियों को रहने की भी मुसीबत हो रही है। यात्रा पड़ावों में फैली समस्याओं से तीर्थयात्री अच्छा संदेश लेकर नहीं जा रहे हैं।

नौ मई को भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद से ही केदार यात्रा के अहम पड़ाव गौरीकुण्ड में समस्याएं बनी हुई है। तीर्थयात्रियों को आये दिन किसी न किसी मुसीबत से जूझना ही पड़ रहा है। यात्रा व्यवस्थाओं में लगे अधिकारी भी समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं है। ऐसे में स्थानीय व्यापारियों एवं तीर्थयात्रियों की मुसीबते बढ़ना लाजमी है। यात्रा से पूर्व प्रशासन की ओर से किये गये सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं।



शौचालय के बाहर यात्रियों की लगी लाइन।

अधिकारियों के बीच सामंजस्य कई भी नजर नहीं आ रहा है। व्यापारियों की शिकायत पर अधिकारी कोई गौर नहीं कर रहे हैं। गौरीकुण्ड बाजार केदारनाथ धाम का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यहीं से ही भगवान केदारनाथ की पैदल यात्रा शुरू होती है।

19 किमी की खड़ी चढ़ाई चढ़ने के बाद तीर्थयात्री केदारनाथ पहुंचते हैं, लेकिन यात्रा के शुरूआती पड़ाव में ही तीर्थयात्रियों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

## देश की सबसे बड़ी गेमिंग चौंपियनशिप ड्यू एरिना पहुंची दून

**संवाददाता** देहरादून। माउंटेन ड्यू अपने बेहद सफल वार्शिक गेमिंग आयोजन ड्यू एरिना के साथ फिर वापसी की है। यह चौंपियनशिप तेजी से लोकप्रियता हासिल कर अब पहले से कहीं अधिक व्यापक भी बनने जा रही है। 2016 में 22,000 प्रतिभागियों के साथ शुरूआत के बाद 2018 में इससे जुड़ने वाले प्रतिभागियों का आंकड़ा 7,00,000 तक पहुंच चुका है।

देशभर में प्रतिभागी ट्रैवलिंग ड्यू एरिना गेमिंग ट्रक पर ऑन-ग्राउंड अथवा मोबाइल या ऑनलाइन माध्यमों से हिस्सा ले सकते हैं। अपने बेहतरीन नियोन गेमिंग ट्रक के साथ 20-22 मई के दौरान ड्यू एरिना देहरादून में होगा जिसमें 16 गेमिंग स्टेशन, वीआर हेडसेट लगे हुए हैं। ड्यू एरिना गेमिंग ट्रक पूरे देश में गेमिंग के शौकीनों के लिए अपनी तरह का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। ये ट्रक शहर में 20 मई को प्रेम नगर मार्केट, 21 मई को चकराता रोड तथा कैप्री मार्केट और 22 मई को डी आई टी कॉलेज जाएंगे। ड्यू एरीना विजेताओं के पास लिमिटेड एडिशन माउंटेन ड्यू बोतलों पर नजर आने का मौका होगा।